खेतड़ी की नाखरी की ढाणी में पेयजल समस्या को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

पेयजल समस्या से परेशान दो युवक टंकी पर चढ़े, समाधान की मांग पर अड़े ग्रामीण

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ी उपखंड क्षेत्र की विजयनगर ग्राम पंचायत की नाखरी की ढाणी में पेयजल समस्या को लेकर गुरूवार को ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। लंबे समय से पानी की किल्लत झेल रहे ग्रामीणों ने पानी की टंकी के पास धरना देकर प्रदर्शन किया। इस दौरान विक्रम सैनी और रवि मरोडिया नामक दो युवक पानी की टंकी पर चढ़ गए, जबकि बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण टंकी के नीचे धरने पर बैठ गए। महिलाओं ने मटके फोड़कर प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया।

ग्रामीणों का कहना है कि करीब चार वर्ष पहले नाखरी की ढाणी में पानी की टंकी का निर्माण करवाया गया था, लेकिन निर्माण के बाद से ही टंकी में पानी नहीं पहुंचा। ऐसे में पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाई गई टंकी ग्रामीणों के लिए उपयोगी साबित नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत करवाया गया, लेकिन आश्वासन के अलावा अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। गुरूवार को पेयजल समस्या से परेशान ग्रामीण बड़ी संख्या में पानी की टंकी के पास एकत्रित हुए। महिलाओं ने मटके फोड़कर अपना आक्रोश जताया। इसी दौरान विक्रम सैनी और रवि मरोडिया टंकी के ऊपर चढ़ गए। दोनों युवकों ने पानी की समस्या का समाधान होने तक नीचे नहीं उतरने की बात कही। युवकों के टंकी पर चढ़ने के बाद मौके पर स्थिति गंभीर हो गई। वहीं ग्रामीण और महिलाएं टंकी के नीचे धरने पर बैठ गए।

पेयजल समस्या से परेशान महिलाओं ने मटके फोड़कर प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया।

ग्रामीणों ने बताया कि ढाणी में नियमित पेयजल आपूर्ति नहीं होने के कारण उन्हें दूर-दराज के क्षेत्रों से पानी लाकर गुजारा करना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में पानी की आवश्यकता बढ़ने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने से ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ गई है। महिलाओं और बच्चों को भी पानी की व्यवस्था करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचे अधिकारियों से मांग की कि उच्च अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचकर चार साल से सूखी पड़ी पानी की टंकी में पानी की आपूर्ति शुरू करवाएं और ढाणी की पेयजल समस्या का स्थायी समाधान करें। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि जब तक पानी की समस्या का समाधान नहीं होगा, उनका विरोध जारी रहेगा। घटना की सूचना मिलने पर एएसआई प्रदीप कुमार पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने टंकी पर चढ़े विक्रम सैनी और रवि मरोडिया से समझाइश कर नीचे उतरने का प्रयास किया, लेकिन दोनों युवक पेयजल समस्या का समाधान करवाने की मांग पर अड़े रहे। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही। प्रदर्शन के दौरान ओमवीर, विक्रम, बाबूलाल, निवास, जगदीश, जयराम, महेंद्र, अनिल, खेमचंद, देशराज, सरदाराराम, सुरेंद्र सिंह, कृष्ण कुमार, सुनील और राजेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

- **ग्रामीणों का कहना है कि करीब चार वर्ष पहले नाखरी की ढाणी में पानी की टंकी का निर्माण करवाया गया था, लेकिन निर्माण के बाद से ही टंकी में पानी नहीं पहुंचा**

रतनपुर बॉर्डर पर 35 लाख की शराब से भरा कंटेनर पकड़ा, चालक गिरफ्तार



बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की।

डूंगरपुर, (निसं)। बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बॉर्डर पर एक कंटेनर से 35 लाख रुपए की हरियाणा निर्मित शराब जब्त की है। तस्कर फोम कार्टन की आड़ में 260 कार्टन शराब गुजरात ले जा रहे थे। पुलिस ने कंटेनर के ड्राइवर को गिरफ्तार किया है।

बिछीवाड़ा थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस को नेशनल हाईवे-48 के रास्ते गुजरात में अवैध शराब की तस्करी की सूचना मिली थी। इस पर रतनपुर बॉर्डर पर टीम ने नाकाबंदी कर गाड़ियों की तलाशी शुरू की।

इस दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उदयपुर की ओर से आ रहे एक कंटेनर को रुकवाया। कंटेनर में भरे सामान को लेकर ड्राइवर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। पुलिस ने कंटेनर खुलवाकर तलाशी ली तो फोम कार्टन के नीचे शराब की पेटियां भरी मिलीं। हरियाणा निर्मित इस शराब के परिवहन के कोई कागजात भी नहीं मिले। पुलिस ने कंटेनर को जब्त कर शराब के 260 कार्टन बरामद किए जिनकी बाजार कीमत करीब 35 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने शराब तस्करी के आरोप में ड्राइवर आरिफ को गिरफ्तार किया है। वह हरियाणा के नूंह जिले के तावडू थाना क्षेत्र के बावला का रहने वाला है। पुलिस अब शराब तस्करी के इस नेटवर्क और इसमें शामिल अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ और जांच कर रही है।

- **हरियाणा निर्मित शराब के 260 कार्टन गुजरात ले जाये जा रहे थे**
- **कंटेनर में भरे सामान को लेकर ड्राइवर कोई जवाब नहीं दे पाया**

खेतों के फर्जी बंटाईदारों के नाम से फसल खराबे के करोड़ों के गबन का आरोप

किसानों को पता चला तो वे एसपी के पास पहुंचे और मुकदमा दर्ज कराया

बीकानेर, (निसं)। जसरासर के मेनसर, बगसेऊ, गजसुखदेसर, मूंदड़, भोम बिलनियासर, दूदावास, हनुमानपुरा गांवों में 100 से ज्यादा किसानों के खेतों में फर्जी बंटवारों को तैयार कर उनके नाम से बीमा पॉलिसी में रबी और खरीफ की फसल खराबे की करोड़ों रुपए की रकम का गबन कर लिया गया। किसानों को लंबे समय बाद पता चला तो वे एसपी के पास पहुंचे और बीमा कंपनी, पटवारी, कृषि विभाग के कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया, जिसकी जांच एएसपी ग्रामीण करेंगे।

आरोप है कि पिछले पांच साल से हलका पटवारी, बीमा कंपनी, कृषि विभाग के कर्मचारी, ई-मित्र और अन्य लोगों ने आपसी मिलीभगत कर फर्जी दस्तावेज तैयार कराए। फर्जी बंटाईदार खड़े किए और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में खराबे की राशि उनके खातों में डालकर गबन कर लिया। जनवरी माह में कुछ किसानों को इस फर्जीवाड़े की जानकारी मिली तो उन्होंने छानबीन शुरू की। धीरे-धीरे बड़े स्तर पर सैकड़ों किसानों के साथ धोखाधड़ी और करोड़ों रुपए का गबन सामने आ गया। किसान एकजुट होकर एसपी मृदुल कच्छावा के पास पहुंचे। उसके बाद जसरासर पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच एएसपी ग्रामीण बनवारीलाल मीणा को सौंपी गई है। बुधवार को किसान इकट्ठा होकर बीकानेर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी एसपी-एएसपी को दी। पुलिस को फर्जी बंटाईदार के नाम और उठाई गई रकम की सूची भी सौंपी गई है।

- **आरोप है कि पांच साल से पटवारी, बीमा कंपनी, कृषि विभाग के कर्मचारी, ई-मित्र और अन्य लोगों ने आपसी मिलीभगत कर फर्जी दस्तावेज तैयार कराए और फर्जी बंटाईदार खड़े किए**

मेनसर गांव निवासी किसान श्रवण प्रजापत का 61 बीघा खेत है। फसल खराबे के नाम पर फर्जी बंटाईदार बनकर फसल बीमा योजना में वर्ष, 2022 में 6.68 लाख रुपए उठा लिए। मेनसर के किसान सुरजाराम कुम्हार और परिजनों का आंवलियासर में 85 बीघा व 20 बीघा के खेत हैं। फर्जी बंटाईदार बनकर 3.44 लाख रुपए हासिल कर लिए। बगसेऊ निवासी भीखनाथ व परिजनों का 115 बीघा खेत है। फर्जी बंटाईदार के नाम से करीब 20 लाख रुपए का गबन कर लिया गया। मुंडेर भगवानपुरा में बंशीलाल व परिजनों का 10.19 हेक्टेयर खेत है। फसल खराबे के नाम पर फर्जी बंटाईदार बनाकर 4.83 लाख रुपए उठा लिए गए।

एसपी ऑफिस पहुंचे जसरासर के गांवों के किसानों का कहना है कि फर्जी तरीके से बंटाईदार बनाकर करोड़ों रुपए का घोटाला करने के मामले की गंभीरता से और सही जांच की गई तो परतें खुलेंगी और बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार उजागर होगा। जसरासर तहसील में 100 से ज्यादा किसानों के साथ ही नहीं, 500 से ज्यादा किसानों के साथ मिलीभगत से धोखाधड़ी कर रकम उठा ली गई है। मामला सामने आने पर आरोपी और फर्जी बंटाईदार ने किसानों से संपर्क किया और बड़ी संख्या में उनसे लेनदेन भी किया है, जिससे कि मामला दब जाए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं, कीटों या बीमारियों के कारण फसलों को होने वाले नुकसान की भरपाई करना है। इसकी पूरी प्रक्रिया पंजीकरण से लेकर क्लेम निपटान तक कई चरणों में पूरी होती है।

सरकारी भवन होने के बाद भी निजी आवास में चल रहा है पाटन क्षेत्र का डाकघर

छाजा का नांगल शाखा डाकघर की अव्यवस्थाओं से ग्रामीणों में नाराजगी

पाटन, (निसं)। भारतीय डाक विभाग के छाजा का नांगल शाखा डाकघर की व्यवस्थाओं को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी सामने आई है। ग्रामीणों का आरोप है कि शाखा डाकघर ज्यादातर समय बंद रहता है, जिसके चलते आसपास के लोगों को डाक विभाग से संबंधित कार्यों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

- **ग्रामीणों का आरोप है कि शाखा डाकघर ज्यादातर समय बंद रहता है**

बताया गया कि छाजा का नांगल ग्राम पंचायत मुख्यालय स्थित यह शाखा डाकघर रामसिंहपुरा और छाजा का नांगल ग्राम पंचायत क्षेत्र के लोगों को डाक सेवाएं उपलब्ध कराता है। वर्तमान में डाकघर निजी आवास के ऊपर संचालित होने के कारण ग्रामीणों को असुविधा हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत की ओर से डाकघर को सरकारी भवन में स्थानांतरित करने के लिए भवन उपलब्ध करवाए जाने के बावजूद डाकघर अभी तक निजी भवन में ही संचालित हो रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि संबंधित पोस्ट मास्टर की लापरवाही के चलते सरकारी भवन में डाकघर शिफ्ट नहीं किया जा रहा है। डाकघर के नियमित रूप से बंद रहने की शिकायतों के कारण ग्रामीणों को डाक भेजने, प्राप्त करने तथा अन्य विभागीय सेवाओं के लिए परेशान होना पड़ता है। विशेष रूप से बुजुर्गों और दूरदराज के ग्रामीणों को डाकघर बंद मिलने पर बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं।

पाटन क्षेत्र में छाजा का नांगल शाखा डाकघर निजी भवन में संचालित हो रहा है।

ग्रामीणों ने मीडिया के माध्यम से डाक विभाग के उच्चाधिकारियों का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित करते हुए मांग की है कि मामले की जांच कर डाकघर को तत्काल प्रभाव से उपलब्ध सरकारी भवन में स्थानांतरित किया जाए तथा निर्धारित समय पर डाकघर खोलने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इससे दोनों ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों को डाक विभाग की सुविधाओं का सुचारु रूप से लाभ मिल सकेगा और लंबे समय से चली आ रही जनसमस्या का समाधान हो सकेगा।

270 ग्राम अफीम सहित एक गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। शहर के निकटवर्ती झंवर स्थित धतरवालों की ढाणी में जिला स्पेशल टीम की सूचना पर झंवर पुलिस ने एक मकान पर रेड देकर 270 ग्राम अफीम को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण बनाया गया। झंवर थानाधिकारी प्रहलादसिंह ने बताया कि डीएसटी से सूचना मिली कि धरतवालों की ढाणी, राबड़ियां गांव में रहने वाला विकास पुत्र रामस्वरूप अवैध मादक पदार्थ रखता है। पुलिस की टीम ने रेड देकर उसके घर से 270 ग्राम ठोस अफीम बरामद की।

दंपती पर आठ लाख रुपए हड़पने का आरोप

जोधपुर, (कासं)। शास्त्रीनगर ए सेक्टर में रहने वाले एक व्यक्ति ने दंपती पर आठ लाख रूपए हड़पने का आरोप लगाते हुए कोर्ट के माध्यम से केस दर्ज कराया है।

आरोप है कि दंपती को वर्ष 2020 में कार्यालय खरीद के लिए 8 लाख रूपए दिए गए मगर ना तो रजिस्ट्री दी गई और ना ही रकम को वापिस लौटाया। इस बारे में अब खांडाफलसा पुलिस जांच में जुटी है। खांडाफलसा पुलिस ने बताया कि शास्त्रीनगर ए सेक्टर निवासी रमेश कुमार भंसाली पुत्र भंवरलाल की तरफ से मामला दर्ज कराया गया। इसमें बताया कि उसने गीता भवन रोड पर राजमोहन टॉवर में कार्यालय के लिए सुरेश और उसकी पत्नी से संपर्क किया था। तब उन लोगों ने वहां कार्यालय देने के एवज में आठ लाख रूपए लिए थे। उनके द्वारा बेचान इकरारनामा भी बनाया गया। अन्यथा रूपए वापिस 14 फरवरी 2020 तक लौटाने का तय किया था। रिपोर्ट में बताया कि सुरेश और उसकी पत्नी ने ना तो कार्यालय की रजिस्ट्री करवाई और ना ही दी गई रकम को वापिस लौटाया।

खाते से 4.42 लाख रुपये पार

जोधपुर, (कासं)। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की तरफ से कमिश्नरेट के थानों से संबंधित साइबर ठगी के केस रैफर किए जा रहे हैं। एक बार फिर से राजीव गांधी नगर थाने में जीरो नंबर एफआईआर पर साइबर की रिपोर्ट दर्ज हुई है। पीड़ित को जाली दस्तावेज से 4.42 लाख ठगने का मामला सामने आया है। 31 अगस्त को मिली रिपोर्ट पर अब पुलिस ने जांच आरंभ की है। राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि केरू स्थित रामदेव कॉलोनी के रहने वाले आदम खां की तरफ से केस दर्ज कराया गया।

मकान में चोरी

जोधपुर, (कासं)। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पाल रोड पर रांकावत विहार में एक मकान रात को चोरी हो गई। अज्ञात चोर घर से जेवरात आदि चोरी कर ले गए। इस बारे में चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाने में रिपोर्ट दी गई। पुलिस ने बताया कि अमित स्वामी ने रिपोर्ट दी है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि रात को उसके सूने मकान में चोरों ने सैंध लगाकर वहां से सोने का मंगल सूत्र, नथ, दस्तावेज चोरी करने के साथ सामान की तोड़फोड़ कर गए।

डूंगरपुर में फर्जी एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

डूंगरपुर, (निसं)। जिले में साइबर थाना पुलिस ने फर्जी एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अपनी मृत दादी के बैंक खाते का इस्तेमाल कर साइबर ठगी के पैसों का लेन-देन कर रहा था।

सीआई मुकेश कुमार ने बताया कि संदिग्ध बैंक खातों की जांच की जा रही थी। एक संदिग्ध खाते की पड़ताल के दौरान शिकायतकर्ता से संपर्क किया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी चेतन पाटीदार एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर लड़कियां उपलब्ध कराने का झांसा देकर लोगों से अलग-अलग बहानों से रुपए ठगता था। साइबर थाना पुलिस ने जब बैंक स्टेटमेंट और केवाईसी दस्तावेजों की जांच कीए तो पता चला कि खाता भूरी देवी पत्नी कोदर पाटीदार निवासी जसपुर झापका का था। भूरी देवी आरोपी चेतन पाटीदार की दादी थीं, जिनकी मई 2020 में ही मौत हो चुकी थी। आरोपी ने दादी के जीवित रहते ही उनका बैंक खाता अपने मोबाइल नंबर से जोड़ लिया था। दादी की मौत के बाद उसने बैंक को कोई जानकारी या दस्तावेज नहीं दिए और खुद ही खाते का इस्तेमाल करता रहा। मई 2020 से 13 जुलाई 2026 तक आरोपी ने इस खाते में ठगी के कुल 9 लाख 87 हजार 509 रुपए प्राप्त किए और इन पैसों को अपने शौक पूरे करने में खर्च कर दिए। साइबर थाना के पुलिस निरीक्षक मुकेश कुमार के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किए गए 2 मोबाइल जब्त किए गए हैं। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले में जांच जारी है।

- **आरोपी अपनी मृत दादी के बैंक खाते का इस्तेमाल कर साइबर ठगी के पैसों का लेन-देन कर रहा था**

कजली तीज महोत्सव : मंच पर स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये

बूंदी, (निसं)। ऐतिहासिक कजली तीज महोत्सव के तहत नगर परिषद बूंदी की ओर से आयोजित 15 दिवसीय कजली तीज मेले में बुधवार रात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मंच स्कूली बच्चों की प्रतिभा से रोशन हो उठा। मेला मंच पर आयोजित एकल, युगल एवं समूह नृत्य प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। किसी ने राजस्थानी लोकगीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर राजस्थान की लोक संस्कृति की छटा बिखेरी तो किसी ने देशभक्ति गीतों और कविताओं के माध्यम से मेला परिसर को राष्ट्रप्रेम के रंग में रंग दिया। फिल्मी गीतों पर बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों को खूब झूमने और तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलैक्टर (सीलिंग) रमेश देव एवं नगर परिषद आयुक्त बृजेश राय रहे। इस अवसर पर नगर परिषद एवं प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे। अतिथियों ने बच्चों की प्रस्तुतियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी प्रतिभा की सराहना की। नृत्य प्रतियोगिता को लेकर स्कूली विद्यार्थियों में पहले से ही खासा उत्साह देखने को मिला। नगर परिषद कार्यालय में आयोजित पंजीयन प्रक्रिया में विभिन्न स्कूलों से 28 छात्र-छात्राओं ने एकल नृत्य प्रतियोगिता के लिए पंजीयन कराया था। प्रतियोगिता में हित्तेश वर्मा, शिवांश अरोड़ा, आयशा नूर, आयशर अंसारी, तनिषा राज, अर्पित गुर्जर, मदीहा खोखर, अंजली, इजमा, विवान सैन, अर्चना प्रजापत, लक्षिता राठौर, नेत्रिका शर्मा, आयते शिफा सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। मेला मंच पर प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने अलग-अलग गीतों पर अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों की भाव-भंगिमाओं, नृत्य कौशल, तालमेल और मंच प्रस्तुति ने दर्शकों को प्रभावित किया।

प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

एकल नृत्य प्रतियोगिता में आयते शिफा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अर्पित गुर्जर एवं अर्चना प्रजापत ने द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि प्रियल शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। विजेता प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों को दर्शकों ने तालियों के साथ सराहा। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों में गजब का उत्साह नजर आया। वहीं एकल नृत्य के साथ युगल डांस प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें प्रतिभागियों ने आपसी तालमेल और शानदार नृत्य कौशल का प्रदर्शन किया। युगल नृत्य प्रतियोगिता में निश्चय शर्मा एवं नक्श वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोनों की संयुक्त प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा और तालियों से उनका उत्साह बढ़ाया।

समूह नृत्य में विकास नगर की टीम प्रथम: समूह नृत्य प्रतियोगिता में भी विभिन्न समूहों ने अपनी प्रस्तुतियों से मेला मंच पर रंग जमा दिया। सामूहिक तालमेल, आकर्षक वेशभूषा और नृत्य की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों को देर तक बांधे रखा। समूह डांस प्रतियोगिता में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय विकास नगर बूंदी ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रुद्राक्ष एंड ग्रुप द्वितीय तथा योगिता एंड ग्रुप एवं कोमल किराड़ एंड पार्टी ग्रुप तृतीय स्थान पर रहे। समूहों की प्रस्तुतियों में बच्चों की मेहनत, अभ्यास और सामूहिक तालमेल साफ नजर आया।

- **किसी ने राजस्थानी लोकगीतों पर लोक संस्कृति की छटा बिखेरी तो किसी ने देशभक्ति गीतों और कविताओं के माध्यम से मेला परिसर को राष्ट्रप्रेम के रंग में रंग दिया**

हरियालो राजस्थान के तहत पौधे लगाये

ब्यावर, (निसं)। ग्राम पंचायत किशनपुरा के भारत उपवन एवं बरसी चारागाह भूमि में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत जिला स्तरीय वन महोत्सव 2026 में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रभारी सचिव हिमांशु गुप्ता, जिला कलेक्टर कमलराम मीना एवं जिला प्रभारी व मुख्य वन संरक्षक अजय चितौड़ा के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने 500 से अधिक पौधे लगाए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी सचिव हिमांशु गुप्ता ने करंज का पौधा लगाकर किया। जिला कलैक्टर कमलराम मीना ने उपस्थित लोगों एवं मातृ शक्ति को स्वयं को मां यशोदा मानकर कृष्ण के रूप में पौधों की स्नेहपूर्वक देखभाल करने तथा उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षण देने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के साथ पौधों का संरक्षण एवं नियमित देखभाल भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

नगदी छीनकर भागने वाले दो बदमाशों को पकड़ा

कोटा, (निसं)। गुमानपुरा इलाके के शॉपिंग सेंटर क्षेत्र में कार में रखे 5 लाख रूपये छीनकर भागने के दर्ज मामले में गुमानपुरा पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 10 हजार व 5 हजार के इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 14 अगस्त को फरियादी ने गुमानपुरा थाने में रिपोर्ट दी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि वह कमीशन पर क्रेप्टो का लेन-देन करता है, रिपोर्ट में कहा कि वह अपने क्लाइंट को 5 लाख रूपये देने जा रहा था। शॉपिंग सेन्टर में बातचीत के दौरान फैजान, इच्ची उर्फ हसन तथा रेहान दुपहिया वाहन से आये और अचानक से कार में रखे 5 लाख रूपये छीनकर फरार हो गये।

शहर एसपी ने कहा कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। मामले में कार्रवाई के लिये पुलिस उप अधीक्षक मनीष शर्मा के सुपरविजन में गुमानपुरा थानाधिकारी सुनील सिह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने बदमाशों की गिरफ्तारी को लेकर संभावित स्थानों पर दबिश दी। मामले में फरार आरोपियों पर ईनाम राशि घोषित की गई, फरार आरोपी समीर उर्फ इच्छी उर्फ हसन पर 10 हजार एवं फरार आरोपी रेहान उर्फ रेहानउद्दीन, फैजान दोनों पर 5 हजार इनाम राशि घोषित की गई।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि फरार बदमाशों की तलाश के लिये गठित टीम ने तकनीकी आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी पाटनपोल निवासी समीर उर्फ इच्छी उर्फ हसन (25) एवं आरोपी लाडपुरा निवासी फैजान उर्फ सकलेन (23) को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपियों से अनुसंधान एवं फरार सह आरोपी की तलाश जारी है।